# उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे उद्घाटन

**समिट**

**8 कई देशों के राजदूत, केंद्रीय मंत्री, प्रमुख उद्योगपतियों समेत विशिष्ट अतिथि होंगे शामिल**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रधानमंत्री दो दिवसीय ह्लउत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023ह्व का 08 दिसम्बर (शुक्रवार) को एफआईआर में उद्घाटन करेंगे। इन्वेस्टर्स समिट में देश- दुनिया के हजार से अधिक इन्वेस्टर और डेलीगेट्स शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 8 दिसंबर को ही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के उद्घाटन सत्र के बाद वापस दिल्ली लौट जाएंगे।
उत्तराखंड सरकार की ओर से इस बार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की थीम ह्लपीस टू प्रॉस्पेरिटीह्व को रखा गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर सभी तैयारी पूरी हो चुकी हैं। सरकार की ओर से उत्तराखंड को निवेश की नई डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में ढाई लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया था। इस निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त उद्योग समूहों के साथ एमओयू साइन किए जाने का कार्य गतिमान है। हमारी सरकार निवेश के माध्यम से राज्य में रोजगार सृजन एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।
लन्दन, दुबई समेत देश के महानगरों में किये गए रोड शो - ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन से पहले उत्तराखंड सरकार द्वारा 4 इंटरनेशनल और 5 डोमेस्टिक रोड शो आयोजित किए गए। देश से बाहर लंदन,बर्मिंघम, अबुधाबी, दुबई में 4 इंटरनेशनल रोड शो हो चुके हैं जबकि देशभर में प्रदेश सरकार दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरु, अहमदाबाद और मुंबई में रोड शो कर चुकी है। बीते 14 सितंबर और 4 अक्टूबर को धामी सरकार दिल्ली में 26575 करोड़, 26 और 27 सितंबर को ब्रिटेन में 12500 करोड़, 17 और 18 अक्टूबर को यूएई में 15475 करोड़ के निवेश का करार कर चुकी है। इसके अलावा 26 अक्टूबर को चेन्नई में ?10150 करोड़, 28 अक्टूबर को बेंगलुरु में 4600 करोड़ और 1 नवंबर को अहमदाबाद में 24000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव का करार हुआ है।

# निवर्तमान मेयर ने बच्चों को बांटी निशुल्क पाठ्य सामग्री

**आभार**

**8 विद्यालय में पाठन सामग्री, गर्म वस्त्र, जूते-जुराब आदि के वितरण करने पर आभार प्रकट किया।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
रुड़की स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय-11 गणेशपुर में निवर्तमान मेयर गौरव गोयल द्वारा सैकड़ों बच्चों को निशुल्क पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही उनके द्वारा सभी बच्चों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया गया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है और देश का भविष्य तभी सुरक्षित रह सकता है जब बच्चे शिक्षित होकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बल पर ही समाज एवं देश की तरक्की संभव है। नशा जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहे, नशा आज की युवा पीढ़ी में जोर पकड़ रहा है। प्रधानाध्यापिका श्रीमती उषा रानी तथा सहायक अध्यापक किशोर जुयाल ने निवर्तमान मेयर गौरव गोयल द्वारा अनेकों वर्षों से विद्यालय में पाठन सामग्री, गर्म वस्त्र, जूते-जुराब आदि के वितरण करने पर उनका आभार प्रकट किया।
इस दौरान सभी बच्चों को नशे जैसी सामाजिक बुराई के प्रति जागरूक किया गया तथा उन्हें नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गयी।

## संक्षिप्त खबरें

### समाज में विकृतियों को मिटाने के लिए मानव में जागृति की आवश्यकता: साध्वी गरिमा भारती

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रामलीला ग्राउन्ड, रोहिणी, सेक्टर-24, विकास भारती पब्लिक स्कूल के सामने, दिल्ली में 4 से 10 दिसम्बर 2023 तक भव्य सात दिवसीय भगवान शिव कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के तीसरे दिवस भगवान शिव कथा का रसास्वादन करवाते हुए साध्वी गरिमा भारती जी ने कहा कि श्काकभुशुण्डी जी ने गरुड़ जी को, याज्ञवल्क्य जी ने भरद्वाज जी व अन्य ऋषि मुनियों को, तथा भगवान शिव जी ने माता पार्वती को यह कथा सुना कर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। जब आदि शक्ति को पुत्री के रूप में प्राप्त करने के लिए महाराज हिमवान व माता मैना ने घोर तप किया। आदि शक्ति ने प्रसन्न होकर पुत्री रूप में उन्हें प्राप्त होने का वरदान दिया। आज समाज में पुत्री जन्म को शुभ नहीं माना जाता। समाज का शिक्षित वर्ग कन्या भ्रूण हत्या जैसे अपराध को सहमति देता हैं। पुत्र की अकांक्षा आज समाज के फैले असंतुलन का कारण बन रही है। रक्षा बंधन, नवरात्रें जिसमें कन्या की कंजकों के रुप में पूजा की जाती है, यह पावन पर्वो की संस्कृति संकट में पड़ गई हैं। कन्या प्रत्येक परिवार के लिए कितना महत्त्व रखती है, आज का समाज उस महत्त्व को भूल चुका है। हमें संस्कृति के रक्षा व समाज में संतुलन बनाए रखने के लिए जागना होगा। जो जाग्रति भीतर से ब्रह्म के साथ जुड़ने के बाद ही संभव है। साध्वी जी बताया कि गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी आज समाज में युवाओं को भी ब्रह्मज्ञान प्रदान कर तृतीय नेत्र प्रदान कर भीतर उठने वाली वासनाओं से ऊपर उठाने का कार्य कर रहे हैं। भगवान शिव के वास्तविक रूप को जानकर ही सत्यम, शिवम, सुंदरम के पथ पर अग्रसर हुआ जा सकता है। शिव को जाने बिना मानव का जीवन कंप्लीट पर्सनैलिटी के रूप में परिवर्तित नहीं हो सकता है। जिस प्रकार से हर वस्तु का एक आधार होता है मानव के जीवन का आधार परमात्मा है।

### एससी-एसटी अभ्यर्थियों को नि:शुल्क प्रशिक्षण

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
नगर सेवायोजन कार्यालय हल्द्वानी में स्थित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों को समूह ग की तैयारी कराने के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण, कोचिंग दी जाएगी। सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि केंद्र में 18 से 30 साल के अभ्यर्थियों को एक साल का हिंदी आशुलिपि व छह माह का हिंदी टंकण, लिपिकीय व्यवसाय व प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं की तैयारी का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। नए सत्र में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी 28 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

### सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
टीपी नगर चैकी से चंद कदम दूर बाइक और स्कूटी की भिड़ंत हो गयी। इसमें स्कूटी सवार एक युवक की मौत हो गयी है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
पुलिस के अनुसार अमरदीप होटल के पास बाइक सवार तीन युवकों की स्कूटी सवार जीतपुर नेगी निवासी कैलाश नगरकोटी से टक्कर हो गयी। हादसे में घायल कैलाश को एसटीएच लाए यहां, उसकी मौत हो गयी। चौकी प्रभारी सुशील जोशी ने बताया शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### पेंशनरों से आधार नंबर को पीपीओ में अपडेट करने की अपील

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
कोषागार से पेंशन आहरित करने वाले पेंशनरों से कोषागार में अपने पेंशन डाटा से आधार नम्बरों अपडेट करने को कहा गया है। मुख्य कोषाधिकारी दिनेश कुमार राणा ने बताया कि जनपद के कोषागार एवं उपकोषागार से पेंशन आहरित कर रहे 5000 पेंशनरों ने अपने आधार नम्बर को अब तक पीपीओ से लिंक नही किया है। इस कारण कोषागार एवं उपकोषागार में डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र संबंधी कार्य सुगमता से नही हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड के पीपीओ के डाटा से लिंक होने की दशा में जीवित प्रमाण पत्र को बायोमैट्रिक्स के माध्यम से पुनः वैध कराना आसान हो जाता है। इससे पेंशन भुगतान में अनियमिता और राजकीय धन के गबन होने की सम्भावना भी नही होती है।

### रोजगार मेले का आयोजन 13 को

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
13 दिसम्बर बुधवार को प्रातः 10 बजे से नगर सेवायोजन कार्यालय आईटीआई परिसर हल्द्वानी में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। इसमें 836 विभिन्न पदों में रिक्तियों के लिए 12 प्रमुख औद्योगिक संस्थान प्रतिभाग करेंगे।
नगर सेवायोजन अधिकारी शंकर बोरा ने बताया कि 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में 836 विभिन्न पदों के रिक्तियों हेतु 12 औद्योगिक संस्थान प्रतिभाग करेंगे।
उन्होंने इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, 4 पासपोर्ट साइज फोटो तथा बायोडाटा के साथ उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ ले सकते हैं

# 10 हजार 500 करोड़ के निवेश से संबंधित एमओयू किये साझा

**एमओयू**

**8 इसी क्रम में कुछ निवेशकों की ओर से कल भी एमओयू साझा किये जायेंगे।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेम चन्द अग्रवाल ने कहा कि आज की बैठक में लगभग 10 हजार 500 करोड़ के निवेश से संबंधित एमओयू साझा किये गये हैं। इनमें अधिकांश की ग्राउन्डिंग भी की जा रही है।
गुरुवार को विधानसभा स्थित कक्ष में कुछ निवेशकों की ओर से आवास विभाग से संबंधित एमओयू साझा किये गये हैं। इसी क्रम में कुछ निवेशकों की ओर से कल भी एमओयू साझा किये जायेंगे। मंत्री डॉ. प्रेम चन्द अग्रवाल ने आवास से संबंधित निवेशकों के साथ बैठक ली। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि 08 दिसम्बर से प्रारम्भ होने जा रहे इन्वेस्टर्स समिट में अन्य निवेशक भी प्रतिभाग करेंगे। मुख्यमंत्री की ओ? से निवेश से संबंधित दिये गये लक्ष्य से अधिक के एमओयू करने में आवास विभाग सफल होगा।
मंत्री डा. अग्रवाल ने कहा कि 08 दिसम्बर 2023 से एफआरआई, देहरादून में शुरू हो रहे उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आवास विभाग के माध्यम से बहुत से निवेशक प्रतिभाग कर रहे हैं।
मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 से उत्तराखंड का विकास होगा। विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही साथ यह समिट पलायन की समस्या के निदान में भी कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि इस इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक रोजगार प्राप्त हो सकेंगे।
बैठक के अन्त में निवेशकों ने सिलक्यारा के सफल ऑपरेशन पर केन्द्र और राज्य सरकार को बधाई दी। इस पर मंत्री ने कहा कि समस्त देशवासियों की दुआओं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व एवं बचाव कर्मियों के दृढ़ संकल्प व कार्यकुशलता से ही यह कठिन ऑपरेशन सम्भव हो पाया है।
इस मौके पर अपर मुख्य सचिव, आनन्द बर्द्धन, सचिव, आवास, सुरेन्द्र एन, पाण्डे, संयुक्त मुख्य प्रशासक, आवास, प्रकाश चन्द्र दुम्का, सचिव, एमडीडीए, मोहन सिंह बर्निया तथा अन्य विभागीय अधिकारी एवं विभिन्न कम्पनी के निवेशक उपस्थित रहे।

# मुख्य नगर आयुक्त से मिला प्रतिनिधिमंडल

**पांच सूत्री मांग**

**8 मूलभूत सुविधाओं के साथ रखरखाव, निगरानी कमेटी के साथ फेरी समिति की बैठक की मांग शामिल है।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
रेहड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स की पांच सूत्री मांगों को लेकर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के नेतृत्व में नवनियुक्त मुख्य नगर आयुक्त वरुण चौधरी से मुलाकात की। मांगों में वेंडिंग जोन में पेयजल शौचालय, सीसीटीवी कैमरे जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ रखरखाव, निगरानी कमेटी के साथ फेरी समिति की बैठक बुलाए जाने की मांग शामिल है।
इस अवसर प्रांतीय अध्यक्ष चोपड़ा ने कहा अभी तक तीन वेंडिंग जोन के उद्घाटन लोकार्पण तथा चौथी के शिलान्यास के शिलापट नहीं लगाए गए हैं। उन्होंने कहा नवनियुक्त मुख्य नगर आयुक्त को नगर निगम द्वारा विकसित वेंडिंग जोन की जानकारी के साथ अन्य क्षेत्रों में वेंडिंग जोन बनाए जाने की मांग को भी प्रमुखता से दोहराया गया।

# नैनीताल जिले में पेंशनर घर बैठे कर सकते हैं ऑनलाइन जीवन प्रमाणन

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
अब पेंशनर को कोषागार के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। पेंशनर घर बैठे ही अब अपना जीवन प्रमाणन करा सकेंगे। इसके लिए ऑनलाइन जीवन प्रमाणन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।
जिलेभर के विभिन्न तहसीलों में सरकारी विभागों के करीब 20500 से अधिक पेंशनर्स हैं। पूर्व में सरकार की ओर से पेंशनर्स को सहूलियत दी गई थी कि जिस माह जो पेंशनर्स सेवानिवृत्त हुए हैं, उसी माह में वह जीवन प्रमाणन करा सकते हैं। इसके बाद सीएससी सेंटर और कॉमन सैवीस सेंटर, भारत सरकार के एप में भी जीवन प्रमाणन की सुविधा दी गई।

# शांतिकुंज में हुआ त्रिदिवसीय राज्य कला उत्सव



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में चल रहे तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कला उत्सव हो गया। उत्तराखंड के सभी तेरह जिलों के चयनित कक्षा 9 से 12 तक के 248 विद्यार्थियों ने दस विधाओं में अपना हुनर दिखाया। समापन सत्र में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजयी विद्यार्थी आगामी जनवरी माह में होने वाले राष्ट्रीय कला उत्सव में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।
तीन दिन चले इस उत्सव में अल्मोड़ा के 17, बागेश्वर के 19, चमोली के 21, चंपावत के 17, देहरादून के 20, हरिद्वार के 23, नैनीताल के 16, पौड़ी गढ़वाल के 23, पिथौरागढ़ के 21, रुद्रप्रयाग के 11, टिहरी गढ़वाल के 17, ऊधमसिंह नगर के 21 और उत्तरकाशी के 22 छात्र- छात्राओं ने शास्त्रीय संगीत (गायन), पारंपरिक लोकगीत (गायन), वादन, शास्त्रीय नृत्य, लोकनृत्य, एकल अभिनय, दृश्य कला (द्विआयामी), दृश्य कला (त्रिआयामी) और स्थानीय खिलौने एवं खेल की श्रेणी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें गीतांजलि जोशी-अल्मोड़ा, वंदना कौशल-बागेश्वर, दिव्यांशु-चमोली, ध्रुव वर्मा-देहरादून, जयेन्द्र-हरिद्वार, आरोही पंत-नैनीताल, प्रखर जोशी-नैनीताल, भावेश पाण्डेय-नैनीताल, चांदनी-पौड़ी गढ़वाल, हेमा चक्रवर्ती-पौड़ी गढ़वाल, पवन कुमार-ऊधमसिंह नगर आदि ने अपनी अपनी विधा में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खुशी हातेली, अर्जुन, मनीषा भट्ट, आदित्य गिरि, सुमित बिष्ट, समीर तिवारी, प्रियल जोशी, योगेश्वरी, दिव्यांशु त्रिपाठी, आंचल, अमित सैनी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। सहायक राज्य परियोजना निदेशक उत्तराखंड प्रद्युम्न रावत ने बताया कि समग्र शिक्षा के अंतर्गत राज्य स्तरीय कला उत्सव का मुख्य उद्देश्य उत्तराखंड के विद्यार्थियों में लोक उत्सवों के प्रति रुझान पैदा करना एवं उसका संवर्द्धन करना है। समापन अवसर पर राज्य भर से आये छात्र-छात्राओं के अलावा अध्यापक, आध्यापिकाएं एवं अभिभावक गण मौजूद रहे।

# ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रही है होम स्टे योजना



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
पर्यटन विभाग के माध्यम से संचालित होम स्टे योजना पहाड के दूरस्थ गांव में रोजगार का मुख्य साधन बनते जा रही है। ग्रामीण होम स्टे युवा बेरोजगारों के लिए स्वरोजगार के रूप में वरदान साबित हो रहा है।
गुरुवार को देवाल विकास खंड के दूरस्थ गांव वाण में होम स्टे के तहत तैयार हुए बिष्ट होम स्टे का उद्घाटन करते हुए पर्यटन अधिकारी सोवन सिंह राणा ने कहा कि होम स्टे योजना धीरे-धीरे परवान चढ़ती जा रही है। इस योजना से बने होम स्टे ग्रामीणों के लिए स्वरोजगार का जरिया बनने लगा है। ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। ग्रामीणों को इस योजना का लाभ उठाना चाहिए। योजना के तहत लाभार्थियों को 50 प्रतिशत अनुदान पर ऋण दिया जा रहा है। इस मौके पर महिलाओं ने पारम्परिक परिधान मे लोकनृत्य कर अतिथियों का स्वागत सत्कार किया। होम स्टे संचालन हीरा गढ़वाली ने कहा की होम स्टे योजना से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। घर बैठे रोजगार मिल रहा है। होम स्टे में ठहरने वाले पर्यटकों को घर में आए अतिथियों की तरह रख कर पहाड़ी भोजन परोसा जाता है।
उन्होंने वाण गांव को पर्यटन गांव घोषित करने, मोनाल टाप को ट्रक आफ द ईयर बनाने, रणकधार से वेदनी रोपवे के निमार्ण, माउटिनेटिग एवं टेकिंग संस्थान खोलने, प्रत्येक परिवार को होम स्टे योजना से जोड़ने की मांग उठाई है।
इस अवसर पर पर्यटन विभाग के जनार्दन थपलियाल, ग्राम प्रधान पुष्पा देवी, पूर्व डिप्टी रेंजर टीएस बिष्ट, नरेंद्र सिंह, कौशल्या देवी, हीरा बुग्याली, खिलाफ सिंह, रघुवीर सिंह, मोहन सिंह, जयवीर सिंह, बलवंत सिंह, सुरेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।

# सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों ने लगाया गोपेश्वर-पोखरी मार्ग पर जाम

**आश्वासन**

**8 -निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के आश्वासन के बाद चांदनीखाल और रड्डुवा ग्रामीणों ने खोला जाम**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के पोखरी विकास खंड के चांदनीखाल और रड्डुवा के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य शुरू करने की मांग को लेकर गुरुवार को पोखरी-गोपेश्वर मोटर मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया, जिसे अपराह्न बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के आश्वासन के बाद खोल दिया है। सुबह से ही इस मार्ग पर वाहन न चलने के कारण क्षेत्रीय जनता को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा है। जिला मुख्यालय गोपेश्वर पहुंचने के लिए लोगों को पोखरी-कर्णप्रयाग होते हुए आवाजाही करनी पड़ी।
ग्राम प्रधान प्रदीप सिंह और अधिवक्ता देवेन्द्र सिंह बत्र्वाल ने बताया कि चांदनीखाल से रड्डुवा गांव तक के लिए सड़क मार्ग स्वीकृत किया गया है। तीन बार मार्ग की कटिंग के लिए सर्वे के साथ ही टेंडर प्रक्रिया भी हो चुकी है लेकिन वर्तमान तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है। जिससे ग्रामीणों में खासा रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि बीते दो साल से कई बार ग्रामीण इस मामले को तहसील दिवस के साथ ही अन्य मौकों पर उठा चुके हे लेकिन विभाग है कि कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। जिस कारण ग्रामीणों को चक्का जाम के लिए विवश होना पड़ा है।
उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं होता है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव तक सड़क न होने के कारण ग्रामीणों को दो किलोमीटर का पैदल रास्ता तय करना पड़ रहा है। जाम लगने के बाद मौके पर पहुंचे लोनिवि के अधिशासी अभियंता सुनील कुमार ने ग्रामीणों से वार्ता कर जल्द ही सड़क कटिंग का कार्य शुरू किये जाने का आश्वासन दिया है, वहीं दूसरी ओर नायब तहसीलदार हरीश चंद्र पांडे और थानाध्यक्ष दिलबर कंडारी ने ग्रामीणों से बातचीत कर दस घंटे बाद जाम को खुलवाया।
इस अवसर पर इन्द्र प्रकाश रड़वाल, दिनेश रड़वाल, ग्राम प्रधान रड्डुवा प्रदीप सिंह, देवेन्द्र बत्र्वाल, बिनीता देवी, दिनेश्वरी देवी, मोहन बत्र्वाल, पुष्कर सिंह बत्र्वाल, तेजपाल भट्ट आदि मौजूद थे।

# जनपद स्तरीय खेल महाकुम्भ का शुभारम्भ

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद स्तरीय खेल महाकुम्भ 2023 का गुरुवार को बतौर मुख्य अतिथि निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला ने मिनी स्टेडियम हल्द्वानी में जनपद स्तरीय खेल महाकुम्भ 2023 का शुभारम्भ किया।
निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेन्द्र ने कहा कि दस दिवसीय जनपद स्तरीय खेल महाकुम्भ, 2023 के अंतर्गत अण्डर-14,17 एवं अण्डर-21 बालक बालिकाओं की जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने प्रतियोगिता में सफल रहें प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं देते कहा है कि इस खेल महाकुम्भ का मुख्य उद्देश्य जनपद में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए उन्हें उचित मंच व स्थान उपलब्ध कराना है, ताकि वह अपनी खेल प्रतिभाओं का अच्छी तरह से प्रदर्शन कर सके। खेल के क्षेत्र में उच्च मुकाम हासिल करने के साथ राज्य का नाम रोशन कर सके।
उन्होंने कहा कि खेलने से हम जहां तनाव मुक्त होते हैं तो हम वहीं अपने जीवन में अनुशासन भी सीखते हैं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में खिलाड़ियों के लिए खेल का दायरा महज मनोरंजन और फिटनेस तक सीमित नहीं रह गया है बल्कि अब इसमें खिलाड़ियों को सुनहरा करियर भी नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि सपने बड़े-बडे. देखने चाहिए और उन सपनों को साकार करने के लिए आपने लक्ष्य को एक विजन एवं संकल्प के साथ अपने जीवन में परिवर्तित भी करना होगा।
जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रतीक जोशी ने जनपद के सभी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि इसी प्रकार खिलाड़ी अपना बेहतर प्रर्दशन दिखा कर राष्ट्रीय स्तर पर भी राज्य का नाम रोशन कर सके। उन्होंने कहा कि खेल एक व्यक्ति के दिमाग को स्वस्थ और सक्रिय रखने में मदद करता हैं जिसके कारण उनकी नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है। खेल हमारे अंदर के अनुशासन, धैर्य, ईमानदारी और टीम भावना के गुणों को बढ़ावा देता हैं।

